## कक्षा - छठी, हिंदी (प्रथम भाषा)

## मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।

560, सुंदर नगर
लुधियाना ।
11 अप्रैल,2020

प्रिय वीरू ,

नमस्ते ।

मैं यहाँ पर कुशलपूर्वक हूँ और आशा करता हूँ कि तुम भी वहाँ सकुशल होंगे। मैंने आज सुबह का अख़बार देखा तो पहले ही पन्ने पर तुम्हारी फ़ोटो देखकर अति प्रसन्नता हुई कि तुम पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की पाँचवीं कक्षा की परीक्षा में पंजाब में प्रथम आए हो। मैं तुम्हें प्रथम आने पर बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

सचमुच, तुमने मन लगाकर साल भर पढ़ाई की थी और तुम्हारी मेहनत सफल हुई। मैं आशा करता हूँ कि आगे भी तुम इसी प्रकार सफलता प्राप्त करोगे।

मेरी ओर से अंकल व आँटी को बहुत-बहुत बधाई देना और उन्हें मेरा प्रणाम कहना। शेष बातें मिलने पर करेंगे।

प्यार सहित।

तुम्हारा अभिन्न मित्र,
जय

---

**प्रस्तुतकर्ता : डॉ.सुनील बहल**
**एम.ए.(संस्कृत ,हिंदी), एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी)**